बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

<u>आवश्यक सूचना</u>

आयोग के विज्ञापन संख्या–05/2021 के अन्तर्गत सहायक अंकेक्षण अधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन **दिनांक 20.08.2022 (शनिवार) को 12.00 बजे मध्याह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक निर्धारित है, जिसके लिए परीक्षा हॉल में प्रवेश 10.30 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होगा एवं 11.00 बजे पूर्वाह्न तक उम्मीदवार अपना स्थान ग्रहण कर लेंगे। इसके पश्चात प्रवेश एवं परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।**

परीक्षार्थी वास्तविक परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व ओ॰एम॰आर॰ शीट और प्रवेश पत्र में दिये गये निर्देशों का अध्ययन कर उसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा कक्ष के अंदर कैलकुलेटर, मोबाईल, ब्लुटुथ वाई–फाई, इलेक्ट्रोनिक पेन, पेजर, Wrist Watch (सामान्य/स्मार्ट) आदि इलेक्ट्रोनिक सामग्री तथा Whitener, Blade या Eraser आदि पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी एवं **बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के अनुसार वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।**

प्रारम्भिक परीक्षा के लिए ई–प्रवेश पत्र दिनांक **14.08.2022** से डाउनलोड हेतु आयोग के वेबसाईट www.onlinebpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे। **उम्मीदवारों को डाक से (By Post) प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे।**

उक्त प्रारम्भिक प्रतियोगिता परीक्षा में उम्मीदवारों को कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प ज्ञापांक–2374, दिनांक–16.07.2007 एवं पत्रांक– 6706, दिनांक– 01.10.2008 द्वारा विभिन्न कोटियों के निर्धारित न्यूनतम अर्हतांक, यथा, सामान्य श्रेणी के लिए चालीस प्रतिशत (40%), पिछड़ा वर्ग के लिए साढ़े छत्तीस प्रतिशत (36.5%), अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिए चौंतीस प्रतिशत (34%) तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला एवं दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए बत्तीस प्रतिशत (32%) प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

11.8.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।